भीलवाड़ा फोकस

RNI No. : RJHIN/25/A0890

भीलवाड़ा की बात, फोकस के साथ.....

वर्ष - 02 | अंक - 75 | बिजौलिया - शुक्रवार,30 अक्टूबर,2026 | मूल्य - 1 रुपया | मो.- 86967 95959 | पृष्ठ - 4 | WWW.BHILWARAFOCUS.COM

जैसलमेर में खेत में गिरा बम, जोरदार धमाके से दहला इलाका

भीलवाड़ा फोकस @ जैसलमेर

मोहनगढ़ थाना क्षेत्र की नहरी बेल्ट में गुरुवार दोपहर करीब एक बजे खेत में बम गिरने से जोरदार धमाका हो गया। विस्फोट इतना तेज था कि इसकी आवाज करीब दो से तीन किलोमीटर दूर तक सुनाई दी। धमाके के बाद खेत में लगभग दो फीट गहरा गड्ढा बन गया। बम के टुकड़े पास खड़े ट्रैक्टर पर भी लगे। गनीमत रही कि घटना में कोई जनहानि नहीं हुई और खेत में काम कर रहा किसान बाल-बाल बच गया। किसान द्वारकाराम ने बताया कि वह ट्रैक्टर से खेत में कृषि कार्य कर रहा था। इसी दौरान उसका मोबाइल फोन कहीं खो गया। वह ट्रैक्टर को खेत में छोड़कर मोबाइल ढूंढने के लिए निकला ही था कि अचानक खेत में बम गिरा और जोरदार धमाका हो गया। विस्फोट के बाद चारों तरफ धुएं का गुबार फैल गया। कुछ देर के लिए आसपास का इलाका धुएं से भर गया। धमाके के दौरान किसान के पिता तुलसाराम ने आवाज लगाकर बेटे को जमीन पर लेट जाने के लिए कहा।

राजस्थान में कर्मचारियों और पेंशनर्स का महंगाई भत्ता 3 प्रतिशत बढ़ाने की तैयारी, 63 फीसदी होगा डीए

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

राजस्थान में सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए दिवाली से पहले खुशखबरी मिल सकती है। केंद्र सरकार के बाद अब प्रदेश सरकार भी कर्मचारियों और पेंशनर्स के महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी करने की तैयारी कर रही है। इसके साथ ही कर्मचारियों को दिवाली बोनस देने की घोषणा भी जल्द की जा सकती है। महंगाई भत्ते और बोनस से जुड़े प्रस्तावों पर वित्त विभाग में काम चल रहा है। मुख्यमंत्री की मंजूरी मिलते ही वित्त विभाग की ओर से आदेश जारी किए जा सकते हैं।

वर्तमान में राजस्थान के सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स को 60 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिल रहा है। यदि सरकार केंद्र के अनुरूप इसमें 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी करती है तो महंगाई भत्ता बढ़कर 63 प्रतिशत हो जाएगा। इस फैसले से प्रदेश के करीब 8 लाख सरकारी कर्मचारियों और 5.44 लाख पेंशनर्स को सीधा लाभ मिलने की संभावना है। राज्य सरकार के कर्मचारियों के साथ पंचायत समितियों और जिला परिषदों में कार्यरत कर्मचारियों का महंगाई भत्ता भी बढ़ाया जाएगा।

सरकार पर पड़ेगा करीब 1500 करोड़ रुपये का भार

महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी होने से राज्य सरकार पर लगभग 1500 करोड़ रुपये का अतिरिक्त आर्थिक भार आने का अनुमान है। इसके बावजूद सरकार कर्मचारियों को राहत देने की तैयारी में जुटी है। लंबे समय से राजस्थान में केंद्र सरकार की ओर से महंगाई भत्ता बढ़ाने की घोषणा के बाद राज्य सरकार भी इसी अनुरूप बढ़ोतरी करती रही है।

इससे पहले इसी वर्ष अप्रैल में राज्य सरकार ने कर्मचारियों और पेंशनर्स के महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत की



वृद्धि की थी। उस समय महंगाई भत्ता 58 प्रतिशत से बढ़ाकर 60 प्रतिशत किया गया था। अप्रैल में केंद्र सरकार की घोषणा के पांच दिन बाद ही राजस्थान सरकार ने भी बढ़ोतरी के आदेश जारी कर दिए थे। अब एक बार फिर केंद्र के फैसले के बाद प्रदेश के कर्मचारियों को राज्य सरकार की घोषणा का इंतजार है।

हर महीने 500 से 4500 रुपये तक बढ़ सकती है आय

महंगाई भत्ते में 3 प्रतिशत की बढ़ोतरी का लाभ कर्मचारियों को उनके वेतनमान के आधार पर मिलेगा। वेतन स्तर एल-1 से लेकर एल-24 तक के कर्मचारियों के लिए बढ़ी हुई राशि अलग-अलग होगी। अनुमान के अनुसार, इस बढ़ोतरी से कर्मचारियों के मासिक वेतन में करीब 500 रुपये से लेकर 4500 रुपये तक का इजाफा हो सकता है। वास्तविक लाभ कर्मचारी के मूल वेतन और वेतन स्तर के अनुसार तय होगा।

पेंशनर्स को भी महंगाई राहत में बढ़ोतरी का लाभ मिलेगा। इससे उन्हें बढ़ती महंगाई के बीच आर्थिक राहत मिल सकेगी। सरकार की ओर से आदेश जारी होने के बाद ही बढ़ी हुई राशि लागू होने की स्थिति स्पष्ट होगी। महंगाई भत्ते के साथ सरकार दिवाली पर कर्मचारियों को बोनस की सौगात देने की भी तैयारी कर रही है। प्रदेश के करीब 6 लाख अराजपत्रित कर्मचारियों के लिए तदर्थ बोनस के आदेश जारी किए जा सकते हैं। इस बोनस पर सरकार के खजाने से लगभग 500 करोड़ रुपये खर्च होने का अनुमान है।

राजस्थान में करवा चौथ पर चांद ने खूब कराया इंतजार

भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर।

करवा चौथ के अवसर पर राजस्थान के कई शहरों में सुहागिन महिलाओं को चांद के दर्शन के लिए लंबा इंतजार करना पड़ा। चक्रवाती तूफान 'अर्नब' के प्रभाव से हुई बारिश और आसमान में छाए बादलों के कारण चंद्रमा देर से दिखाई दिया। कहीं महिलाओं ने छतों पर खड़े होकर चांद निकलने का इंतजार किया तो कहीं दूसरे शहरों में दिखाई दे रहे चांद का वीडियो कॉल के जरिए दीदार किया।

भीलवाड़ा में निर्धारित समय से करीब 20 मिनट की देरी से रात 8:52 बजे चांद दिखाई दिया। चित्तौड़गढ़ में भी करीब 19 मिनट की देरी से रात 8:52 बजे चंद्रमा के दर्शन हुए। जयपुर में महिलाओं को सबसे अधिक इंतजार करना पड़ा। यहां करीब सवा घंटे की देरी से रात 9:38 बजे चांद नजर आया। वहीं जोधपुर में 25 मिनट की देरी से रात 9:01 बजे और सीकर में 38 मिनट की देरी से रात 9:03 बजे चंद्रमा दिखाई दिया।

कमला देवी की हत्या के बाद छत पर जलाया शव, पड़ोसियों को पार्टी का बहाना देकर किया गुमराह

छत की खदाई कर पुलिस ने जुटाए अहम साक्ष्य, अवशेष कोठारी नदी में बहाने का खुलासा



मौके से साक्ष्य उठाती एफएसएल और एमओबी टीम



पकड़े गए तीनों आरोपी





छत की खुदाई करती पुलिस

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

पुनित चपलोत

72 वर्षीय कमला देवी कांकरिया हत्याकांड में पुलिस की जांच लगातार नए खुलासे कर रही है। हत्या के बाद शव को ठिकाने लगाने और साक्ष्य मिटाने के लिए आरोपियों ने कथित तौर पर ऐसा तरीका अपनाया, जिससे आसपास के लोगों को शक तक नहीं हुआ। पुलिस जांच में सामने आया कि शव जलाने के लिए लकड़ियां और अन्य सामग्री मंगवाने पर आरोपियों ने दोस्तों के लिए घर में नॉनवेज पार्टी रखी।आरोप है कि शव जलाने के बाद घटनास्थल पर ही नॉनवेज और शराब की पार्टी की गई। सुबह बचे हुए अवशेषों को कोठरी नदी में बहा दिया गया।

गुरुवार को भीमगंज थाना पुलिस गिरफ्तार आरोपियों रवि तापड़िया, हीरा सिंधी और आर्यन दाधीच उर्फ चूंचा को लेकर छोटी पुलिया स्थित रवि तापड़िया के मकान पर पहुंची। एफएसएल और एमओबी टीम की मौजूदगी में घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया गया। जिस छत पर शव जलाए जाने की आशंका है, वहां सीमेंट की परत को उखाड़कर सैंपल एकत्रित किए गए। पुलिस के अनुसार, खुदाई और जांच के दौरान कुछ महत्वपूर्ण साक्ष्य प्रथम दृष्टया सामने आए हैं। इन्हें सुरक्षित कर वैज्ञानिक जांच के लिए भेजा जा रहा है।

पार्टी के बहाने मंगवाई लकड़ियां और अन्य सामग्री

पुलिस जांच के अनुसार, आरोपियों ने शव जलाने के लिए लकड़ियों और अन्य ज्वलनशील सामग्री की व्यवस्था की थी। पड़ोसियों को संदेह न हो, इसलिए सामग्री मंगवाने पर घर में खाने का कार्यक्रम और नॉनवेज बनाने की बात कही गई। पुलिस को जांच में यह भी पता चला कि शव जलाने के बाद आरोपियों ने घटनास्थल पर खाने-पीने का आयोजन किया था। हालांकि, पूरे घटनाक्रम और साक्ष्यों की कड़ियों को वैज्ञानिक जांच के आधार पर जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

छत पर सीमेंट डालकर मिटाए निशान

पुलिस को आशंका है कि कमला देवी की हत्या के बाद शव को मकान की छत पर जलाया गया और बाद में जले हुए हिस्से पर सीमेंट का नया घोल डालकर मरम्मत कर दी गई, ताकि वारदात के निशान छिपाए जा सकें। गुरुवार को पुलिस ने इसी हिस्से की खुदाई करवाई। टीम ने छत के साथ उस कमरे का भी निरीक्षण किया, जहां महिला की हत्या किए जाने का संदेह है। पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि घटना से पहले और बाद में मकान में क्या-क्या बदलाव किए गए थे। खुदाई में मिले साक्ष्यों की वास्तविक प्रकृति एफएसएल रिपोर्ट आने के बाद स्पष्ट होगी।

पुलिस के मुताबिक, 12 अक्टूबर की रात रवि तापड़िया कमला देवी को अपने मकान पर लेकर गया था। वहां संपत्ति अपने नाम करवाने के लिए उनसे हस्ताक्षर करने को कहा गया। इनकार करने पर विवाद बढ़ गया और तकिए से मुंह दबाकर उनकी हत्या कर दी गई। पुलिस के अनुसार, इस दौरान हीरा सिंधी भी मौके पर मौजूद था। इसके बाद शव को छत पर ले जाकर जलाने और अवशेषों को ठिकाने लगाने की साजिश को अंजाम दिए जाने की आशंका है।

एक-एक साक्ष्य की कड़ी जोड़ रही पुलिस

भीमगंज थाना प्रभारी सुनील चौधरी ने बताया कि यह वह स्थान है, जहां शव जलाए जाने की आशंका है। यहां से महत्वपूर्ण साक्ष्य मिलने की संभावना को देखते हुए एफएसएल और एमओबी टीम के साथ गहन निरीक्षण किया जा रहा है। घटनास्थल का कोई भी ऐसा हिस्सा नहीं छोड़ा जा रहा, जहां से साक्ष्य मिल सकते हों। कुछ महत्वपूर्ण साक्ष्य प्रथम दृष्टया सामने आए हैं, जिन्हें एकत्रित कर लिया गया है। अब घटना से पहले और बाद में हुए बदलावों की बारीकी से जांच की जा रही है।

मामले में रवि तापड़िया, हीरा सिंधी और आर्यन दाधीच उर्फ चूचा गिरफ्तार हैं, जबकि रवि तापड़िया का भतीजा कालू तापड़िया पुत्र सांभा तापड़िया फरार है। पुलिस उसकी तलाश के साथ जुटाए गए साक्ष्यों की वैज्ञानिक जांच में जुटी है।

राजस्थान में चक्रवात का असर



भीलवाड़ा फोकस @ जयपुर

राजस्थान में चक्रवाती तूफान 'अर्नब' का असर लगातार दिखाई दे रहा है। प्रदेश के कई हिस्सों में तेज हवाओं के साथ बारिश का दौर जारी है। कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि भी हुई है। बारिश और सर्द हवाओं के चलते मौसम में अचानक बदलाव आया है और लोगों को ठंड का अहसास होने लगा है। मौसम विभाग ने आज भी प्रदेश के 28 जिलों में आंधी और बारिश की चेतावनी जारी की है।

राजधानी जयपुर में गुरुवार दोपहर से रुक-रुककर बारिश हो रही है। लगातार बादल छाए रहने और ठंडी हवा चलने से तापमान में गिरावट आई है। शहर के कुछ इलाकों में ओले भी गिरे, जिससे मौसम और ठंडा हो गया। बारिश के कारण सड़कों पर आवाजाही प्रभावित हुई और लोगों को सामान्य दिनों की तुलना में अधिक ठंड महसूस हुई।

10 जिलों में बारिश, कई इलाकों में ओलावृष्टि

पिछले 24 घंटे के दौरान प्रदेश के कई जिलों में मौसम का मिजाज बदला रहा। करौली, भरतपुर, धौलपुर, अलवर, दौसा, सवाई माधोपुर, भीलवाड़ा, अजमेर, नागौर और टोंक में बारिश दर्ज की गई। वहीं जयपुर के कुछ हिस्सों में ओलावृष्टि भी हुई। लगातार बदलते मौसम के कारण कई क्षेत्रों में दिनभर बादल छाए रहे और ठंडी हवाएं चलती रहीं।

राधे कृष्णा हर्बल

मोरिंगा पाउडर एवं कैप्सूल

30, माणक नगरी बून्दी रोड़ बिजोलिया MO.8426904895

लाडपुरा में श्रद्धा और उल्लास से मनाया करवा चौथ



भीलवाड़ा फोकस @ लाडपुरा।

कस्बे में महिलाओं ने गुरुवार को करवा चौथ का पर्व पारंपरिक रीति-रिवाज और श्रद्धा के साथ मनाया। सुहागिनों ने नई साड़ी व लहंगा पहनकर, मेहंदी रचाकर और चूड़ियों, सिंदूर व बिंदी से शृंगार कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। महिलाओं ने चंद्रमा को अर्घ्य देकर पति की दीर्घायु और सुखी दांपत्य जीवन की कामना की। इसके बाद बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लेकर व्रत का पारणा किया।

गंगापुर में श्रद्धा और उल्लास से मनाया करवा चौथ



भीलवाड़ा फोकस @ गंगापुर ।

नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में शुक्रवार को करवा चौथ का पर्व पारंपरिक रीति-रिवाज और श्रद्धा के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने पति की दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना के साथ दिनभर निर्जला व्रत रखा।

पर्व को लेकर सुबह से ही महिलाओं में उत्साह रहा। महिलाओं ने सोलह शृंगार कर करवा चौथ माता की पूजा-अर्चना की और कथा सुनकर परिवार की खुशहाली की कामना की। रात को चंद्रमा के दर्शन कर अर्घ्य देने के बाद व्रत खोला। क्षेत्र में कई स्थानों पर महिलाओं ने सामूहिक रूप से करवा चौथ का उद्यापन भी किया। पर्व के दौरान महिलाओं ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं देकर परंपरा का निर्वहन किया।

जहाजपुर में उल्लास से मनाया करवा चौथ, चंद्र दर्शन कर खोला व्रत

नवविवाहिताओं में रहा विशेष उत्साह, पति की दीर्घायु और परिवार की सुख-समृद्धि की कामना

भीलवाड़ा फोकस @ जहाजपुर

क्षेत्र में करवा चौथ का पर्व पारंपरिक रीति-रिवाजों और उत्साह के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने पति की दीर्घायु और सुखी दांपत्य जीवन की कामना को लेकर दिनभर व्रत रखा। नवविवाहिताओं में पर्व को लेकर विशेष उत्साह देखने को मिला। महिलाओं ने शृंगार कर पूजा-अर्चना की और करवा चौथ की कथा सुनकर अखंड सौभाग्य की कामना की।

पर्व के चलते बाजारों में पूजा सामग्री की खरीदारी रही। शाम को महिलाओं ने समूहों में पूजा की और देर रात चंद्रमा के दर्शन कर अर्घ्य देने के बाद व्रत खोला। इस दौरान रिंकू नरेंद्र साहू, किरण मनीष सेन, सोनम कुलदीप भील, अतिमा संजय लक्ष्कार और शायरी सत्यनारायण चौधरी सहित कई विवाहित जोड़ों ने पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की।

आज छोटी हरनी सहित कई क्षेत्रों में 4 घंटे बिजली बंद रहेगी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

विद्युत विभाग की ओर से शुक्रवार को शहर के छोटी हरनी, तेरापंथ नगर, आदित्य विहार, बीएसएनएल कार्यालय, बस स्टैंड, मालीखेड़ा और अशोक नगर सहित आसपास के क्षेत्रों में सुबह 8 से दोपहर 12 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी।

अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के सहायक अभियंता हरीश कुमार टेलर ने बताया कि निर्धारित समय के दौरान संबंधित क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी।

'भीलवाड़ा फोकस'
अपने शहर और गाँव के समाचार, सूचनाएँ, सार्वजनिक घोषणाएँ या विज्ञापन प्रकाशित करवाने के लिए संपर्क करें।
Mo.– 8696795959
Bhilwarafocus@gmail.com
BHILWARA Focus
भीलवाड़ा की बात,फोकस के साथ

मुरली विलास रोड पर गंदगी के खिलाफ व्यापारियों का अनूठा प्रदर्शन, राहगीरों को बांटे मास्क, पीपे बजाकर जताया आक्रोश

बोले - नालियों में निकासी नहीं होने से जमा गंदा पानी, दुर्गंध से व्यापार करना मुश्किल; दिवाली से पहले स्थायी समाधान की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

पुनित चपलोत

हर के मुरली विलास रोड पर फैली गंदगी और नालियों से उठती दुर्गंध के विरोध में गुरुवार को व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों का आक्रोश फूट पड़ा। प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य मनोज पालीवाल के नेतृत्व में व्यापारियों ने मुंह पर मास्क लगाकर और पीपे बजाकर नगर निगम की कार्यशैली के खिलाफ अनूठा प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान राहगीरों को मास्क वितरित कर क्षेत्र की बदहाल सफाई व्यवस्था पर प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया गया।

व्यापारियों का कहना है कि क्षेत्र में नालियों की सफाई और पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था नहीं होने से गंदा पानी लंबे समय तक जमा रहता है। इससे उठने वाली तेज दुर्गंध के कारण दुकानदारों के साथ स्थानीय नागरिकों और राहगीरों को भी परेशानी झेलनी पड़ रही है। व्यापारियों के अनुसार, समस्या को लेकर कई बार शिकायतें की गईं, लेकिन अब तक स्थायी समाधान नहीं हुआ।

नालियां बनीं, लेकिन निकासी का इंतजाम नहीं

प्रदेश कांग्रेस कमेटी सदस्य मनोज पालीवाल ने कहा कि मुरली विलास रोड के व्यापारियों की परेशानी लगातार बढ़ रही है। कुछ समय पहले प्रशासन ने अतिक्रमण हटाकर नालियों का निर्माण करवाया था, लेकिन निर्माण के दौरान पानी की निकासी की उचित व्यवस्था नहीं की गई। इसका परिणाम यह है कि नालियों का गंदा पानी लंबे समय तक जमा रहता है और पूरे क्षेत्र में दुर्गंध फैलती है। ऐसे हालात में व्यापारियों के लिए दुकानों पर बैठना तक मुश्किल हो रहा है।




पालीवाल ने कहा कि गुरुवार को सांकेतिक विरोध प्रदर्शन कर प्रशासन और नगर निगम तक व्यापारियों की पीड़ा पहुंचाने का प्रयास किया गया। राहगीरों को मास्क बांटकर सफाई व्यवस्था की हकीकत सामने रखी गई। उन्होंने नगर निगम से मांग की कि दिवाली से पहले नालियों की सफाई करवाकर पानी की निकासी सुनिश्चित की जाए और समस्या का स्थायी समाधान किया जाए, ताकि व्यापारियों और क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

रिश्ते ओर दोस्ती बराबरी में हो, ऐसी जगह रहो जहां सम्मान ओर स्वाभिमान बना रहे-आचार्य पुलकसागर महाराज

इच्छानुसार नहीं कर्म के हिसाब से मिलता फल,पाप करने पर पुण्य का फल नहीं मिलेगा

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।

रिश्ते ओर दोस्ती हमेशा बराबरी में होने चाहिए जहां हैसियत दिखाने वाला कोई नहीं होता वहां प्रेम व सम्मान मिलता है। रिश्ते अपने से उच्च घरों में करेंगे तो सम्मान नहीं मिलेगा ओर जहां हैसियत का अहसास कराया जाता है वहां रिश्ते निभते नहीं है। हमेशा ऐसी जगह रहो जहां तुम्हारा सम्मान, स्वाभिमान एवं बहुमान बना रहे। जिस जगह जाकर इंसान छोटा लगे वैसी बुलंदी पर नहीं जाए। ये विचार श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ट्रस्ट, मैन सेक्टर शास्त्रीनगर के तत्वावधान में सकल दिगम्बर जैन समाज की ओर से भीलवाड़ा में पहली बार चातुर्मास कर रहे राष्ट्र संत मनोज्ञाचार्य पुलकसागरजी महाराज ने शास्त्रीनगर स्थित सूर्यमहल में गुरूवार को अंतिम चातुर्मासिक प्रवचन श्रृंखला ''जीवन जीने की कला'' पर मंगल दिव्य देशना के नवें दिन व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि विवाह के बाद बेटी को मायके की संपति पर अभिमान करने की बजाय ससुराल को ही अपना सबकुछ मानना चाहिए। इंसान के लिए मौत से भी बड़ा दर्द वह स्थिति होती है जब अपने ही घर में अपनों के रवैये से अकेलेपन का अहसास होता है ओर रोते बहुत लेकिन आवाज भी नहीं आती है।



आचार्यश्री ने कहा कि सुखी जीवन चाहते है तो कभी भी अपने पति या पत्नी, संतान या सास-ससुर की तुलना दूसरों के साथ नहीं करे या दूसरों के सामने उनकी कमियां नहीं गिनाए। पुरानी गलतियों का बोझ दिमाग में नहीं रखे ओर कितनी भी बुरी स्थिति आ जाए पर कभी अपने पति या पत्नी को नीचे मत दिखाओ जीवन में कभी तलाक की नौबत नहीं आएगी। उन्होंने कहा कि हमने अपनों को ही दूसरों के सामने नीचा दिखाया तो घर को नरक बनने में अधिक समय नहीं लगेगा। जीवन में कभी भी अपनी संतान की तुलना दूसरों की संतान से नहीं करे अन्यथा वह तुमसे दूर होता जाएगा।

आचार्य पुलकसागर महाराज ने कहा कि शास्त्र कहते है कि बिना फल की इच्छा किए कर्म करना चाहिए जबकि व्यवहार में हम बिना फल की इच्छा के कोई कर्म नहीं करते। धर्म करते है तो उसके पीछे भी हमारी पुण्य की इच्छा रहती है। भगवान की आराधना करने के बाद भी संकट दूर नहीं हो रहा तो मान कर चले कि आपकी भावना गड़बड़ है। भावना निर्मल ओर पावन हो जाए तो क्षमा मांगनी नहीं पड़ती सामने वाले के पास भाव पहुंच जाते है। क्षमा मांगने में भी सूक्ष्म कषाय रहने पर उसका असर नहीं होता है। उन्होंने कहा कि कर्म कर फल की इच्छा मत रख का मतलब होता है कि जैसा कर्म कर रहे उसके विपरीत फल की इच्छा नहीं रखनी है। पाप करने पर पुण्य का फल नहीं मिलने वाला है ओर पुण्य करने पर पाप का फल नहीं मिलेगा। फल हमारी इच्छा के अनुसार नहीं कर्म के अनुसार मिलेगा। हम पुण्य पसंद करते है पर जीते पाप में है तो पुण्य का फल नहीं मिलेगा।

श्री पुलकसागर चातुर्मास समिति के अध्यक्ष प्रवीण चौधरी ने बताया कि आचार्य श्रीपुलकसागर महाराज एतिहासिक चातुर्मास सम्पन्न होने पर 15 नवम्बर को भीलवाड़ा से विहार करेंगे। इससे पूर्व एक से तीन नवम्बर तक बापूनगर दिगम्बर जैन मंदिर में प्रवास रहेगा। आचार्यश्री के सानिध्य में धनतेरस से अमावस्या तक मंत्रों की साधना होगी। जिन श्रावक परिवारों ने इस चातुर्मास का मंगलकलश स्थापित किया वह अपने मंगल कलश 6 से 8 नवम्बर तक सुबह 8 से 10 बजे की अवधि में आचार्यश्री के आशीर्वाद से प्राप्त कर घर पर स्थापित कर सकेंगे। दीपावली पर भगवान महावीर स्वामी निर्वाण महोत्सव पर आचार्यश्री के सानिध्य में निर्वाण लड्डू चढ़ाया जाएगा। प्रवचन के शुरू में पाद प्रक्षालन एवं शास्त्र भेंट का सौभाग्य पुण्यार्जक परिवार ने प्राप्त किया। संचालन चातुर्मास समिति के महामंत्री जयकुमार पाटनी ने किया। चातुर्मास समिति के संयोजक मनीष शाह एवं सह संयोजक लोकेश अजमेरा ने बताया कि 31 अक्टूबर तक प्रतिदिन सुबह 8.45 से 10 बजे तक आचार्यश्री के मुखारबिंद से दिव्य देशना प्राप्त होगी। इस दौरान प्रतिदिन शाम 6.30 से 7.30 बजे तक आनंद यात्रा (प्रश्न मंच) का आयोजन हो रहा है जिसमें भी शहर के विभिन्न क्षेत्रों से श्रद्धालु शामिल होकर लाभ प्राप्त कर रहे है।



QUICK BITES

भीलवाड़ा की 185 ग्राम पंचायतों में आज सरपंच-वार्ड पंच चुनाव के लिए मतदान

दूसरे चरण में 7 पंचायत समितियों में सुबह 7 से शाम 6 बजे तक डाले जाएंगे वोट

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

पंचायत राज आम चुनाव 2026 के दूसरे चरण में शुक्रवार को जिले की 185 ग्राम पंचायतों में सरपंच और वार्ड पंच पदों के लिए मतदान होगा। इसके लिए आसींद, हुरड़ा, फूलियाकलां, रायपुर, सहाड़ा, शाहपुरा और शंभूगढ़ पंचायत समितियों में मतदान प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। मतदाता सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकेंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी जसमीत सिंह संधू ने बताया कि निर्वाचन को लेकर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं। मतदान दलों में नियुक्त अधिकारियों और कर्मचारियों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं व्यवस्थित तरीके से मतदान संपन्न कराने के निर्देश दिए गए हैं।

उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की पूर्ण पालना सुनिश्चित करने तथा मतदान व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के निर्देश भी दिए हैं।

वृन्दावन के आचार्य महेन्द्र कृष्ण शास्त्री भीलवाड़ा के श्रद्धालुओं को श्रवण कराएंगे श्रीमद् भागवत कथा

हनुमान टेकरी पर 11 से 17 नवम्बर तक श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ महोत्सव का आयोजन

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा



धर्मनगरी भीलवाड़ा में 11 से 17 नवम्बर तक छोटी हरणी स्थित श्री टेकरी के बालाजी काठियाबाबा आश्रम पर महन्त बनवारीशरण काठियाबाबा के सानिध्य में होने वाले श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह ज्ञान यज्ञ महोत्सव आयोजन के लिए तैयारियां तेज हो गई है। इसमें व्यासपीठ से प्रतिदिन दोपहर 1 से 5 बजे तक वृन्दावन के प्रख्यात कथावाचक गौरक्षक आचार्य महेन्द्र कृष्ण शास्त्री भीलवाड़ा के श्रद्धालुओं को कथा श्रवण कराएंगे। आयोजन के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। कथा आयोजन के सूत्रधार महन्त बनवारीशरण काठियाबाबा ने बताया कि श्रीमद भागवत कथा प्रारंभ होने से पूर्व श्रद्धा एवं आस्था के साथ कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसमें सैकड़ो महिलाएं सिर पर मंगल कलश लेकर चलेगी। कथा के लिए मंदिर क्षेत्र में विशाल पांडाल का निर्माण किया जा रहा है। इस पांडाल में हजारों श्रद्धालुओं के बैठने की व्यवस्था रहेगी एवं कथा से जुड़े सभी जरूरी प्रबंध किए जाएंगे। कथा स्थल के बाहर एवं मुख्य मार्ग पर स्वागत द्वार लगाने के लिए विशेष सजावट की जा रही है। कथा आयोजन को सफल बनाने के लिए विभिन्न कार्यकर्ताओं को अलग-अलग दायित्व सौंपे गए है। सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में प्रतिदिन अलग-अलग प्रसंगों का वाचन होगा। पहले दिन 11 नवम्बर को व्यास पीठ पर श्रीमद् भागवत की स्थापना के साथ श्रीमद् भागवत महात्म्य, व्यास नारद संवाद, कुंती स्तुति प्रसंग का वाचन होगा। इसके तहत दूसरे दिन 12 नवम्बर को कपिल-देवहूती संवाद, सती चरित्र एवं ध्रुव चरित्र, 13 नवम्बर को जड़भरत संवाद, नृसिंह अवतार, वामन अवतार प्रसंग, 14 नवम्बर को श्रीराम एवं श्रीकृष्ण जन्मोत्सव, 15 नवम्बर को श्रीकृष्ण बाल लीला, गोवर्धन पूजा, छप्पन भोग, 16 नवम्बर को उदव चरित्र, रूक्मणी मंगल, रास पंचाध्यायी प्रसंग एवं 17 नवम्बर को समापन दिवस पर द्वारिका लीला, सुदामा चरित्र, परीक्षित मोक्ष प्रसंग का वाचन एवं व्यास पूजन पूर्णाहुति होगी। आयोजन का लाभ भीलवाड़ा अधिकाधिक धर्मप्रेमियों को मिले इसके लिए विभिन्न धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों को भी इस आयोजन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जा रहा है।



85 वर्षीय रामप्यारी देवी ने पंचायत भवन के लिए दान की सवा बीघा जमीन

20 लाख रुपए मूल्य की भूमि ग्राम पंचायत के नाम करवाई रजिस्ट्री, करवा चौथ पर गांव को दिया विकास का उपहार

भीलवाड़ा फोकस @ शाहपुरा,

मूलचन्द पेसवानी। पंचायत राज व्यवस्था में जनप्रतिनिधि की जिम्मेदारी केवल चुनाव जीतने तक सीमित नहीं होती, बल्कि गांव के विकास के लिए संसाधन जुटाना और जनसमस्याओं का समाधान करना भी उसका दायित्व है। भीलवाड़ा जिले की कोटड़ी तहसील के अखेपुर गांव में नवनिर्वाचित सरपंच रतनदेवी भवानी जाट के परिवार ने इस भावना की मिसाल पेश की है। गांव में पंचायत भवन निर्माण के लिए भूमि उपलब्ध नहीं थी। ऐसे में सरपंच के परिवार की 85 वर्षीय रामप्यारी देवी ने अपनी करीब सवा बीघा (0.18 हेक्टेयर) खातेदारी भूमि ग्राम पंचायत के नाम दान कर दी। भूमि का बाजार मूल्य करीब 20 लाख रुपए बताया गया है।

परिवार की सहमति से लिया निर्णय

अखेपुर ग्राम पंचायत के पास अपना भवन बनाने के लिए जमीन नहीं होने से पंचायत का स्थायी कार्यालय विकसित करने में परेशानी आ रही थी। ग्रामीणों के सहयोग से सरपंच निर्वाचित हुईं रतनदेवी भवानी जाट ने पदभार संभालने के बाद इस समस्या के समाधान के लिए परिवार से चर्चा की। उनके पति भवानी जाट ने भूमि दान करने पर सहमति जताई। भूमि उनकी माता रामप्यारी देवी के नाम दर्ज थी। परिवार के आग्रह पर उन्होंने भी सहर्ष जमीन पंचायत को समर्पित करने का निर्णय लिया।



करवा चौथ पर करवाई रजिस्ट्री

गुरुवार को करवा चौथ के अवसर पर रामप्यारी देवी अपने पुत्र भवानी जाट और दो गवाहों के साथ कोटड़ी तहसील कार्यालय पहुंचीं। तहसीलदार रमेशचंद्र मीणा के समक्ष ग्राम पंचायत अखेपुर के नाम 0.18 हेक्टेयर भूमि की रजिस्ट्री करवाई गई। वैधानिक प्रक्रिया पूरी होने के बाद रजिस्ट्री सरपंच रतनदेवी को सौंप दी गई। इस पहल से पंचायत भवन निर्माण की दिशा में आगे बढ़ने का रास्ता खुला है।

अब पंचायत भवन निर्माण का प्रस्ताव बनेगा

सरपंच प्रतिनिधि भवानीराम जाट ने बताया कि पंचायत का कामकाज सुचारु रूप से संचालित करने और ग्रामीणों को पंचायत संबंधी कार्यों के लिए सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से परिवार ने यह पहल की है। भूमि की रजिस्ट्री होने के बाद अब पंचायत भवन निर्माण का प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति के लिए भेजा जाएगा। मंजूरी मिलने के बाद निर्माण कार्य शुरू कराने का प्रयास किया जाएगा।

तहसीलदार रमेशचंद्र मीणा ने बताया कि नवगठित ग्राम पंचायत अखेपुर में पंचायत भवन के लिए भूमि उपलब्ध नहीं थी। अब पंचायत के नाम भूमि की रजिस्ट्री होने से भवन निर्माण का मार्ग प्रशस्त हुआ है।

'सपनों की उड़ान-असंभव कुछ नहीं' कार्यक्रम आज, मुख्यमंत्री करेंगे विशेष योग्यजन युवाओं से संवाद

खेल, शिक्षा, कला और सामाजिक क्षेत्र में उपलब्धियां हासिल करने वाले युवाओं का होगा सम्मान, भीलवाड़ा से भी वीसी के जरिए जुड़ेंगे प्रतिभागी

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।

विशेष योग्यजन युवाओं की प्रतिभा और उपलब्धियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को 'सपनों की उड़ान असंभव कुछ नहीं' कार्यक्रम के तहत युवाओं से संवाद करेंगे। मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल करने वाले विशेष योग्यजन युवाओं को सम्मानित किया जाएगा। भीलवाड़ा जिले के युवा भी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) के माध्यम से कार्यक्रम से जुड़ेंगे।

कार्यक्रम में खेल, शिक्षा, संस्कृति, कला, साहित्य और सामाजिक क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले राज्य एवं जिला स्तर पर चयनित युवाओं को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही जरूरत के अनुसार अंग एवं सहायक उपकरण वितरित किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री युवाओं से सीधे संवाद कर उनकी उपलब्धियों और अनुभवों की जानकारी लेंगे। इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की ओर से विशेष योग्यजन को उपलब्ध कराई जा रही सहायता और सुविधाओं पर भी चर्चा होगी। कार्यक्रम राज्य एवं जिला स्तर पर टू-वे कनेक्टिविटी के माध्यम से आयोजित किया जाएगा।

जिला कलेक्टर ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग को जिले के विशेष योग्यजन युवाओं को कार्यक्रम में आमंत्रित करने तथा उनके आवागमन और सहभागिता के लिए आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं, ताकि प्रतिभागी सहजता से कार्यक्रम में शामिल हो सकें।

नई अफीम नीति में संशोधन की मांग, किसान संघ ने नारकोटिक्स आयुक्त को सौंपे सुझाव

मार्फिन की सीमा 4.2 रखने, पुराने पट्टे बहाल करने और अफीम का खरीद मूल्य 10 हजार रुपये प्रति किलो करने की मांग

भीलवाड़ा फोकस @ सवाईपुर

(सांवर वैष्णव)। भारतीय किसान संघ राजस्थान प्रदेश के प्रतिनिधिमंडल ने ग्वालियर में नारकोटिक्स आयुक्त दिनेश बिसेन से मुलाकात कर नई अफीम नीति में किसान हितों को ध्यान में रखते हुए संशोधन करने की मांग उठाई। प्रतिनिधिमंडल ने अफीम उत्पादक किसानों की समस्याओं से अवगत कराते हुए विभिन्न सुझाव प्रस्तुत किए। इस दौरान नारकोटिक्स आयुक्त ने मांगों पर विचार कर संशोधन का भरोसा दिलाया।

किसान संघ ने वर्ष 1990 से अब तक निरस्त किए गए अफीम पट्टों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बहाल करने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि गत वर्ष 4.2 मार्फिन के आधार पर पट्टे दिए गए थे, जबकि इस वर्ष 4.4 मार्फिन का मानक निर्धारित किया जा रहा है। मार्फिन की मात्रा प्राकृतिक परिस्थितियों पर निर्भर करती है, इसलिए इस वर्ष भी 4.2 मार्फिन के आधार पर ही पट्टे जारी किए जाने चाहिए।



प्रतिनिधिमंडल ने किसानों को अफीम पट्टों में जीवित नामांतरण की सुविधा देने की मांग भी रखी, ताकि परिवार में पट्टे को लेकर होने वाले विवादों से बचा जा सके। साथ ही अफीम पट्टाधारी किसानों पर स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 की धारा 8/18 एवं 8/29 के प्रभाव को लेकर पुनर्विचार करने तथा डोडा चूरा को भी इन धाराओं से बाहर कर अफीम नीति में शामिल करने का सुझाव दिया।

किसान संघ ने कहा कि पिछले करीब 50 वर्षों से अफीम का खरीद मूल्य नहीं बढ़ाया गया है। ऐसे में किसानों को उचित आर्थिक लाभ दिलाने के लिए अफीम का न्यूनतम खरीद मूल्य 10 हजार रुपये प्रति किलोग्राम निर्धारित किया जाना चाहिए। इसके अलावा अफीम नीति प्रतिवर्ष बनाने के बजाय पांच वर्ष के लिए लागू करने तथा फसल के किसी हिस्से में नुकसान होने पर प्रभावित फसल को उखड़वाकर शेष बचे रकबे की अफीम खरीदने की व्यवस्था करने की मांग भी रखी गई।

ये किसान रहे प्रतिनिधिमंडल में शामिल

प्रतिनिधिमंडल में भारतीय किसान संघ के प्रदेश अफीम आयाम प्रमुख बद्रीलाल जाट, प्रांत अफीम आयाम प्रमुख बद्रीलाल तेली, प्रदेश राजस्व प्रमुख शिवराज पुरी, चित्तौड़गढ़ जिला मंत्री लाभचंद धाकड़, जिला उपाध्यक्ष भूरालाल धाकड़, बारां जिला युवा प्रमुख गोविन्द नागर, गोपाल तेली (प्रतापगढ़), सोहनलाल आंजना (छोटीसादड़ी) एवं गीतालाल धाकड़ (बांगेड़ाघाटा) सहित अन्य किसान मौजूद रहे।

संघर्ष की मिट्टी से सफलता का दीप जला रही अनु प्रजापत

पिता के निधन के बाद मां के साथ संभाली परिवार की जिम्मेदारी, मिट्टी शिल्प और चित्रकला में बनाई पहचान

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा।



कुम्हार परिवार में जन्मी अनु प्रजापत विपरीत परिस्थितियों से जूझते हुए अपने हुनर और मेहनत के दम पर आत्मनिर्भरता की मिसाल बन रही हैं। पिता के निधन के बाद मां के साथ परिवार की जिम्मेदारी संभालने वाली अनु पारंपरिक मिट्टी शिल्प को आजीविका का आधार बनाकर लोककला संरक्षण और पर्यावरण जागरूकता का संदेश दे रही हैं।

दीपावली के अवसर पर अनु मिट्टी के दीपक, मटकियां, करवे और सजावटी वस्तुएं तैयार करने में जुटी हैं। उनके हाथों से आकार लेती कलाकृतियां भारतीय परंपरा और कुम्हार शिल्प की समृद्ध विरासत को आगे बढ़ा रही हैं। मिट्टी के उत्पादों को अपनाने से प्लास्टिक जैसी पर्यावरण के लिए हानिकारक सामग्रियों का उपयोग कम करने में भी मदद मिल सकती है।

चित्रकला में भी बनाई पहचान

मिट्टी शिल्प के साथ अनु प्रजापत चित्रकला में भी दक्ष हैं। उन्होंने विभिन्न राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय कला प्रतियोगिताओं और आयोजनों में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पुरस्कार प्राप्त किए हैं। उनकी उपलब्धियां पारंपरिक कला और रचनात्मक प्रतिभा के बेहतर संगम को दर्शाती हैं।

करवा चौथ पर अलौकिक झांकी, राधा रानी के लिए जल का लोटा थामे नौगावां सांवरिया सेठ

नौगांवा मंदिर की सजी झांकी देख भक्त हुए निहाल, पाटोत्सव पर सजेगा छप्पन भोग व अन्नकूट महोत्सव की रहेगी धूम

भीलवाड़ा फोकस @ भीलवाड़ा ।



करवा चौथ पर नौगांवा के श्री सांवरिया सेठ मंदिर में प्रेम, समर्पण और आस्था का अनूठा स्वरूप देखने को मिला। ठाकुरजी हाथों में जल का लोटा लेकर राधा रानी को जल पिलाते नजर आए, तो छलनी से चंद्रमा और प्रियतम के दर्शन करती राधा रानी की मनोहारी झांकी ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस दिव्य झांकी ने दांपत्य प्रेम की मधुर अनुभूति के साथ मंदिर परिसर को भक्तिरस से सराबोर कर दिया। करवा चौथ के पावन अवसर पर मंदिर में भगवान सांवरिया सेठ और श्री राधा रानी का आकर्षक शृंगार किया गया। झांकी के दर्शन के लिए मंदिर पहुंचे श्रद्धालु इस अलौकिक स्वरूप को निहारते रहे। मंदिर परिसर में दिनभर भक्तिमय माहौल बना रहा। झांकी में ठाकुरजी द्वारा राधा रानी को जल पिलाने का दृश्य पर्व की परंपरा और प्रेम की भावना को जीवंत करता नजर आया। श्रद्धालुओं ने दर्शन कर सुख-समृद्धि और दांपत्य जीवन की खुशहाली की कामना की। मंदिर ट्रस्ट के संरक्षक डीपी अग्रवाल एवं सहमंत्री श्रवण सेन ने बताया कि करवा चौथ पर सजाई गई झांकी श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र रही। भगवान सांवरिया सेठ और श्री राधा रानी के इस दिव्य स्वरूप ने भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। ट्रस्ट के कैलाश डाड एवं अखिलेश जाजू ने बताया कि मंदिर स्थापना एवं पाटोत्सव के उपलक्ष्य में आगामी दिनों में विशेष धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इनमें महाभिषेक, वेदोक्त मंत्रोच्चार, भव्य शृंगार दर्शन और महाआरती शामिल हैं। पाटोत्सव के दौरान श्रद्धालुओं के लिए विशेष दर्शन व्यवस्था भी की जाएगी, ताकि दूर-दराज से आने वाले भक्त सुगमता से प्रभु के दर्शन कर सकें। महोत्सव के दसवें दिन दशमी पर भक्तों के घरों से तैयार कर लाए गए विभिन्न प्रकार के व्यंजनों और मिष्ठानों से भगवान श्री सांवरिया सेठ को विशाल छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। इसके साथ ही अन्नकूट महोत्सव भी श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया जाएगा। इस अवसर पर दशहरी को बैलों की विशेष सजावट की जाएगी तथा ग्वाल-बालों का सम्मान किया जाएगा। अन्नकूट महोत्सव के अंतर्गत मंदिर प्रांगण में चौला-चावल के महाप्रसाद का विशाल आयोजन होगा। इसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित करेंगे। मंदिर परिवार ने सभी धर्मप्रेमी बंधुओं एवं क्षेत्रवासियों को पाटोत्सव और अन्नकूट महोत्सव में सहपरिवार शामिल होने का निमंत्रण दिया है। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अधिकाधिक संख्या में पहुंचकर भगवान सांवरिया सेठ के दर्शन करने और महाप्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

बालिका शिक्षा जागरूकता एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित

10वीं ओपन परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं का किया सम्मान, शिक्षा के प्रति जागरूकता का दिया संदेश

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।

अमित जैन



बालिका शिक्षा को प्रोत्साहन देने और प्रतिभाशाली छात्राओं का हौसला बढ़ाने के उद्देश्य से सनराइज शिक्षा समिति के तत्वावधान में बालिका शिक्षा जागरूकता एवं प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में 10वीं ओपन परीक्षा में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने बालिका शिक्षा को समाज की प्रगति का आधार बताते हुए बेटियों को समान अवसर उपलब्ध कराने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष लोकेश नागौरी, हरीश भट्ट सहित अतिथियों ने बालिका शिक्षा के महत्व पर विचार व्यक्त किए। उन्होंने अभिभावकों से बेटियों को शिक्षित करने और उनकी प्रतिभा को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने की अपील की।

समारोह में मुनीर लोहार, पार्षद जाकिर, पार्षद फिरोज खान, शंकर, कय्यूम लोहार, सलाम शहरी, प्रमोद गर्ग, इकबाल लोहार, सदीक मंसूरी और इस्माइल लोहार सहित गणमान्य नागरिक एवं अभिभावक उपस्थित रहे। मंच संचालन यूनुस लोहार एवं हसीना मंसूरी ने किया। अंत में समिति की ओर से आभार व्यक्त किया गया।

बिजौलिया में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया करवा चौथ का पर्व

भीलवाड़ा फोकस @ बिजौलिया।



कस्बे में करवा चौथ का पर्व महिलाओं ने श्रद्धा, उत्साह और पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ मनाया। पर्व को लेकर महिलाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। सुहागिन महिलाओं ने पति की लंबी आयु और सुख-समृद्धि की कामना को लेकर दिनभर व्रत रखा।

महिलाओं ने सोलह शृंगार कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। रात को चंद्रमा के दर्शन कर अर्घ्य दिया और पति के हाथों जल ग्रहण कर व्रत खोला। घरों में पर्व को लेकर उत्सवी माहौल रहा। महिलाओं ने परिवार की खुशहाली और दांपत्य जीवन में सुख-समृद्धि की कामना की।

QUICK BITES

गांवों में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया करवा चौथ का पर्व

भीलवाड़ा फोकस @ आकोला ।



कस्बे सहित आसपास के गांवों में गुरुवार को करवा चौथ का पर्व पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। सुहागिन महिलाओं ने पति की दीर्घायु और सुखी दांपत्य जीवन की कामना के साथ दिनभर व्रत रखा। शाम को चौथ माता की कथा सुनने के बाद चंद्रमा को अर्घ्य देकर व्रत का पारणा किया।

क्षेत्र के गेगा का खेड़ा, रानीखेड़ा, दोवनी, चांदगढ़, जीवा का खेड़ा, होलीरड़ा, खजीना, श्रीपुरा, थंला, नाहरगढ़, रघुनाथपुरा, अडसीपुरा, इदोकड़ा की झुंपड़िया, बरूंदनी, बडलियास और सिंगोली चारभुजा सहित विभिन्न गांवों में महिलाओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर करवा चौथ की परंपरा निभाई। पर्व को लेकर महिलाओं में उत्साह रहा और घरों में धार्मिक माहौल बना रहा।

नगरपालिका की पहली बैठक 31 अक्टूबर को, विकास कार्यों और आगामी कार्ययोजना पर होगा मंथन

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।

अमित जैन । नवगठित नगरपालिका की पहली बोर्ड बैठक 31 अक्टूबर, शनिवार को नवनिर्वाचित अध्यक्ष लोकेश कुमार नागौरी की अध्यक्षता में आयोजित होगी। बैठक में नगर के विकास कार्यों सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा कर आगामी कार्ययोजना को लेकर विचार-विमर्श किया जाएगा।

बैठक राजकीय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय में होगी। नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी ने इस संबंध में सूचना जारी की है। नवगठित निकाय की पहली बैठक से नगर में विकास कार्यों को गति देने और प्राथमिकताएं तय करने को लेकर उम्मीदें जुड़ी हैं।

आटा चक्की एसोसिएशन गठित, पिसाई दरें निर्धारित

नई दरें 1 नवंबर से होंगी लागू, उल्लंघन पर 5 हजार रुपए तक जुर्माने का प्रावधान

भीलवाड़ा फोकस @ बीगोद।

अमित जैन । नगर में आटा चक्की संचालकों ने एसोसिएशन का गठन कर सर्वसम्मति से अनाज की पिसाई दरें निर्धारित की हैं। नई दरें 1 नवंबर से लागू होंगी। एसोसिएशन के अनुसार निर्धारित दरों से कम पिसाई शुल्क लेने पर 5 हजार रुपए तक जुर्माने का प्रावधान रखा गया है।

निर्धारित दरों के अनुसार दलिया पिसाई 2 रुपए, गेहूं 3 रुपए तथा मक्का, ज्वार, बाजरा, चावल, दाल और बेसन की पिसाई 4 रुपए प्रति किलो रहेगी। वहीं गीले मक्का और बेजड़ा मिक्स की पिसाई दर 5 रुपए प्रति किलो निर्धारित की गई है।

काछोला सहित कई गांवों में छह घंटे बिजली बंद रहेगी

सुबह 7 से दोपहर 1 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी

भीलवाड़ा फोकस @ काछोला ।

132 केवी ग्रिड पर रखरखाव एवं मरम्मत कार्य के चलते शुक्रवार को सुबह 7 से दोपहर 1 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। इससे काछोला, राजगढ़, हरपुरा, थलकलां, महुआ, मानपुरा और सुरढ़िया ग्रिड से जुड़े गांव प्रभावित होंगे। प्रभावित गांवों में काछोला, राजगढ़, सरथला, जगपुरा, धामनिया, थलकलां, हरपुरा, जस्साजी का खेड़ा, महुआ, श्रीनगर, दोलपुरा, मानपुरा, रलायता, गोपालपुरा, कल्याणपुरा, रायसिंहपुरा और भगवानपुरा सहित अन्य गांव शामिल हैं।

हर बालक बहुआयामी प्रतिभा का धनी होता है- कलक्टर

भीलवाड़ा फोकस @ चित्तौड़गढ़

हर बालक में प्रतिभा छुपी होती है आवश्यकता है उन्हें समझने, अवसर देने और निखारने की हैं। जिला कलक्टर डॉ. मंजू ने उक्त विचार बाल अधिकारिता विभाग द्वारा संचालित बाल गृह के बालकों के साथ बुधवार को आयोजित संवाद कार्यक्रम में व्यक्त किये। उन्होंने बालको से चर्चा करते हुए उनके दैनिक दिनचर्या गृह में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं विद्यालय में करवाए जा रहे हैं अध्ययन एवं स्वास्थ्य सुविधाओं महत्वपूर्ण विषयों पर वार्ता की। उन्होंने बच्चों द्वारा तैयार की गई पेंटिंग क्राफ्ट सामग्री आदि का भी अवलोकन करते हुए बच्चों को उनकी अभिरुचि के अनुरूप आवश्यक कौशल प्रशिक्षण भी राजस्थान आजीविका कौशल मिशन निगम के माध्यम से उपलब्ध कराने के निर्देश अधिकारियों को प्रदान किया ताकि बच्चे जब गृह से प्रस्थान करें तो वह उस कौशल प्रशिक्षण के माध्यम से अपनी आजीविका का संचालन कर आत्मनिर्भर बन सके। जिला कलक्टर ने बालकों को उपहार भी प्रदान किए। उन्होंने गृह संचालकों को निर्देशित किया कि बाल देखरेख संस्थाओं में आवासों में संचालित बालकों हेतु किसी भी प्रकार की आवश्यकता हो तो तुरंत अवगत कराने के भी निर्देश प्रदान किए।

स्वत्वाधिकारी एवं प्रकाशक कपिल विजयवर्गीय के लिए मुद्रक वेदान्त प्रभाकर मेधा कप्यूटर्स एण्ड ऑफसेट प्रिन्टर्स नंदभवन, बड़े पार्क के पास, कांवाखेड़ा भीलवाड़ा (राज.)से मुद्रित व मकान न. - 1 ए - धानमंडी योजना, कोर्ट केसामने बिजौलिया , भीलवाड़ा (राज.) से प्रकाशित। संपादक - श्याम सुन्दर विजयवर्गीय । मो. 8696795959, RNI No. : RJHIN/25/A0890 किसी भी प्रकार के वाद विवाद का न्याय क्षेत्र बिजौलिया जिला - भीलवाड़ा ही रहेगा।